मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर

सूचना

विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी दिनाँक 26 जनवरी, 2019 दिन (शनिवार) को इस विश्वविद्यालय में गणतन्त्र दिवस समारोह प्रातः 09•00 बजे से बहुउद्देशीय भवन में पूर्ण श्रद्धा व उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा ।

समस्त शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं से अनुरोध है, कि वे इस राष्ट्रीय समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में अवश्य उपस्थित रहें। **शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों से विशेष अनुरोध है कि वे सपरिवार पधारने का कष्ट करें।**

-: समारोह का कार्यक्रम :-

01.	"RUN FOR UNITY" एकता दौड़	09•00 बजे प्रातः
02.	ध्वजारोहण / राष्ट्रगान	10•00 बजे प्रातः
03.	मा0 कुलपति महोदय द्वारा एन0सी0सी0 परेड का निरीक्षण।	10•00 - 10•05 बजे प्रातः
04.	राष्ट्र के महापुरूषों के सम्बन्ध में योगदान, सशस्त्र बलों, वैज्ञानिकों, शिक्षकों इत्यादि का जीवन परिचय एवं योगदान पर प्रकाश। (अध्यक्ष, छात्र क्रिया कलाप परिषद द्वारा नामित व्यक्ति द्वारा)	10•05 - 10•15 बजे प्रातः
05.	किन्हीं 03 इच्छुक व्यक्तियों द्वारा गणतन्त्र दिवस के अवसर पर विचार व्यक्त करने हेतु आमन्त्रण।	10•15 - 10•45 बजे प्रातः
06.	मा0 कुलपति महोदय द्वारा संदेश	10•45 - 11•15 बजे प्रातः
07.	पुरस्कार वितरण	11•15 - 11•20 बजे प्रातः
08.	वन्देमातरम	11•20 बजे प्रातः
09.	मिष्ठान वितरण	11•30 बजे प्रातः

कुलसचिव

पृ0सं0/मा0प्रौ0वि0/समारोह/ 1405 /2019 दिनाँकः 23 जनवरी, 2019

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

01. वै0स0 कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ ।
02. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, प्रबन्ध अध्ययन केन्द्र को इस अनुरोध से कि गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति प्रांगण में अपने विभाग के शिक्षकों के माध्यम से संकलित कराते हुए विभाग/ केन्द्र द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की वर्षवार उपस्थिति के प्रपत्र अध्यक्ष, छात्र क्रिया कलाप परिषद की General Proficiency अंकों के दृष्टिगत कार्यक्रम की समाप्ति पर तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बी.टेक. प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति हेतु आवश्यकतानुसार विभागाध्यक्ष, प्रयुक्त विज्ञान विभाग से सम्पर्क कर उपस्थिति पंजीकरण हेतु शिक्षक का चिन्हांकन कर कार्यवाही सम्पन्न करा सकते है। उपस्थिति पंजीकरण हेतु पाठ्यक्रम/वर्षवार निर्दिष्ट शिक्षकों के नाम की सूचना अध्यक्ष, छात्र क्रिया कलाप परिषद को दो कार्य दिवसों में उपलब्ध करा दें ताकि अध्यक्ष, छात्र क्रिया कलाप परिषद द्वारा उपस्थिति पंजीकरण की विस्तृत सूचना छात्र-छात्राओं हेतु समयान्तर्गत प्रसारित किया जा सकें।
03. समस्त अधिष्ठाता / कार्यक्रम संयोजक, एन0 एस0 एस0 ।
04. विभागाध्यक्ष, विद्युतकण अभियन्त्रण विभाग को इस अनुरोध के साथ कि उक्त अवसर पर लाउडस्पीकर आदि की व्यवस्था कराने का कष्ट करें तथा सम्बन्धित कर्मचारी को यह भी निर्देश दे देवे कि वे राष्ट्रीयगान एवं वन्देमातरम आदि के टेप्स की भलीभाँति समारोह से पहले चेक कर लेवे एवं आवश्यकतानुसार नया टेप्स/सी0डी0 क्रय कर लेवें।
05. प्रभारी, सुरक्षा / समस्त अनुभागीय अधिकारी ।
06. प्रधान सहायक को इस आशय से कि वे उक्त अवसर पर ध्वजोत्तोलन आदि की व्यवस्था कराने का कष्ट करें।
07. कमान अधिकारी, एन0सी0सी0 को परेड का आयोजन करने हेतु ।
08. प्रभारी, पुलिस चौकी, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर ।
09. श्री विरेन्द्र चौधरी, जे0डब्लू0आई0 को इस आशय से प्रेषित कि बहुउद्देशीय भवन के सामने मैदान की उचित सफाई इत्यादि कराने की व्यवस्था करने का कष्ट करें। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पोडियम की भी व्यवस्था करें।
10. अध्यक्ष, छात्र क्रिया कलाप परिषद को उक्तानुसार कार्यक्रम की समस्त गतिविधियों के सुचारू सम्पादन हेतु।
11. प्रभारी वेबसाइट / समस्त सूचना पट्ट ।

23.1.19
कुलसचिव